Regarding release of Central share for farmers of Nanded

श्री रविन्द्र वसंतराव चव्हाण (नांदेड़) : माननीय सभापति महोदया, मैं नांदेड़, महाराष्ट्र संसदीय क्षेत्र से हूं । नांदेड़ जिले में किसान भाइयों की पीक बीमा राशि लगभग 617 करोड़ रुपये है । इसमें केन्द्र सरकार के 267.3 करोड़ रुपये के हिस्से की राशि का मिलना अभी तक बाकी है । महाराष्ट्र सरकार के हिस्से की 349.7 करोड़ रुपये की राशि मिल चुकी है, लेकिन केन्द्र सरकार के हिस्से वाली राशि अभी तक नहीं मिली है । इसके कारण किसान भाई इस लाभ से वंचित हैं ।

महोदया, मेरी आपके माध्यम से यह मांग है कि पीक बीमा के 267.3 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के हिस्से की राशि तुरन्त महाराष्ट्र सरकार को अदा की जाए, जिससे किसान भाइयों को इसका लाभ मिल सके ।